
- कि उक्त आराजी वादी एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 02 एक ही परिवार के सदस्य है एवं हिन्दु विधि से शासित होते है। वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 02 के पूर्व पुरूष प्रतापाराम है। वादी एवं प्रतिवादी का वंशवृक्ष सजरा निम्नानुसार है:—




- कि मुतनाजा आराजी का बंदोबस्त के दौरान पर्चा लगान पुर्वपुरूष प्रतापाराम के नाम जारी हुआ था। वादी के दादा प्रतापाराम के फौत होने पर नामान्तरण वादी के पिता प्रतिवादी सं. 01 कोजाराम के नाम दर्ज हुआ। इस प्रकार उक्त मुतनाजा पैतृक व पुश्तैनी होने से वादीगण के पिता प्रतिवादी सं. 01 कोजाराम को पैतृक रूप से प्राप्त हुई। जिसका वर्तमान राजस्व रेकार्ड वादी के पिता कोजाराम के नाम दर्ज है।
- कि वादग्रस्त आराजी वादी एवं प्रतिवादीगण की पैतृक आराजी होने से हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उक्त पैतृक आराजी वादीगण जन्म से ही अपना हिस्सा निहित रखते हैं। इस प्रकार हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम की धारा—6 व 8 के अनुसार हिन्दु पुरूष के पुत्र, पौत्र, पौत्री का विधि अनुसार जन्म से ही सहदायिगी अथवा पैतृक सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त हो जाते है। राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप—6) विभाग द्वारा एक परिपत्र क्रमांक प. 5(1)राजस्व 6 / 97 / 18 दिनांक 18.01.2007 जारी कर स्पष्ट आदेश पारित किया गया कि विभागीर परिपत्र 08 / 09 / 1997 द्वारा पुत्र—पुत्री को अपने पिता व माता की पैतृक संपत्ति मे जन्म से ही अधिकार है। इसलिए पुत्र या पुत्री अपने पिता के जीवनकाल में ही जोत का विभाजन करवा सकते है एवं खातेदारी घोषणा का वाद न्यायालय में पेश किया जा सकता है।
- कि मुतनाजा आराजी खसरा संख्या 161 / 1 / 1.8373 है0, 166 / 3 / 3.1889 है0, 1299 / 166 / 0.9874 है0 ग्राम मौखावा, खसरा संख्या 12 / 4 / 0.2266 है0, 12 / 6 / 2.9137 है0 मौजा मौखावा खुर्द पटवार हल्का मौखावा तहसील गुड़ामालानी में वादी अपने 1 / 7 हिस्से की खातेदारी घोषणा करवाने के अधिकारी है।
- कि प्रतिवादी सं. 01 किसी अजनबी व्यक्ति के बहकावे में आकर मुतनाजा आराजी को बेचान करने पर उतारू है। यदि प्रतिवादी सं. 01 अपने मकसद में सफल हो गए तो वादीगण को अपूरणीय क्षति होगी। जिसकी भरपाई भविष्य

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 20:02:47 IST
Reason: SelfAttested

में किया जाना असंभव है। इसलिए प्रतिवादी को मौके की यथास्थिति बनाए रखने एवं वादीगण के कब्जे में हस्तक्षेप नहीं करने तथा मुतनाजा आराजी का किसी अन्य व्यक्ति को बेचान नहीं करने की स्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किये जाने का निवेदन किया है।

2. वाद पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी को जरिये नोटिस तलब किया गया। वाद दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। प्रतिवादीगण विधिवत तामिल बाद अनुपस्थित रहने से प्रतिवादीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई।

3. तत्पश्चात् पत्रावली वादी साक्ष्य में नियत की गई। प्रकरण में वादीगण द्वारा साक्ष्य में निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रदर्श अंकित करवाए गए।

| दस्तावेज | संवत/विवरण | प्रदर्श |
|---|---|---|
| खतौनी बंदोबस्त | खतौनी बंदोबस्त ग्राम गुडाखास | प्रदर्श–01 |
| जमाबंदी | जमाबंदी संवत 2075–2078 खाता संख्या 103 मौजा मौखावा | प्रदर्श–02 |
| जमाबंदी | जमाबंदी संवत 2075–2078 खाता संख्या 191 मौजा मौखावा | प्रदर्श–03 |
| जमाबंदी | जमाबंदी संवत 2075–2078 खाता संख्या 22 मौजा मौखावा | प्रदर्श–04 |

4. प्रकरण में वादीगण द्वारा साक्ष्य स्वरूप निम्न गवाह प्रस्तुत किए–

| नाम | जाति | निवासी | गवाह |
|---|---|---|---|
| भागीरथराम पुत्र नेनाराम उर्फ कोजाराम | विश्नोई | मौखावा | पी0डब्ल्यू–1 |

5. प्रकरण में भागीरथराम पुत्र नेनाराम उर्फ कोजाराम पी.डब्ल्यू.–01 द्वारा हलफनामा प्रस्तुत कर समान रूप से निम्न प्रकार कथन किये–

- कि वादी ने निवेदन किया गया कि वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 की पैतृक आराजी खसरा संख्या 161/1/1.8373 है0, 166/3/3.1889 है0, 1299/166/0.9874 है0 ग्राम मौखावा, खसरा संख्या 12/4/0.2266 है0, 12/6/2.9137 है0 मौजा मौखावा खुर्द पटवार हल्का मौखावा तहसील गुड़ामालानी में अवस्थित है।
- कि उक्त आराजी वादी एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 02 एक ही परिवार के सदस्य है एवं हिन्दु विधि से शासित होते है। वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 02 के पूर्व पुरूष प्रतापाराम है।
- कि मुतनाजा आराजी का बंदोबस्त के दौरान पर्चा लगान पुर्वपुरूष प्रतापाराम के नाम जारी हुआ था। वादी के दादा प्रतापाराम के फौत होने पर नामान्तरण वादी के पिता प्रतिवादी सं. 01 कोजाराम के नाम दर्ज हुआ। इस प्रकार उक्त मुतनाजा पैतृक व पुश्तैनी होने से वादीगण के पिता प्रतिवादी सं. 01 कोजाराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 20:02:47 IST
Reason: SelfAttested

को पैतृक रूप से प्राप्त हुई। जिसका वर्तमान राजस्व रेकार्ड वादी के पिता कोजाराम के नाम दर्ज है।

- कि वादग्रस्त आराजी वादी एवं प्रतिवादीगण की पैतृक आराजी होने से हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उक्त पैतृक आराजी वादीगण जन्म से ही अपना हिस्सा निहित रखते हैं। इस प्रकार हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम की धारा–6 व 8 के अनुसार हिन्दु पुरूष के पुत्र, पौत्र, पौत्री का विधि अनुसार जन्म से ही सहदायिगी अथवा पैतृक सम्पत्ति में अधिकार प्राप्त हो जाते है। राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) विभाग द्वारा एक परिपत्र क्रमांक प. 5(1)राजस्व 6/97/18 दिनांक 18.01.2007 जारी कर स्पष्ट आदेश पारित किया गया कि विभागीर परिपत्र 08/09/1997 द्वारा पुत्र–पुत्री को अपने पिता व माता की पैतृक संपत्ति मे जन्म से ही अधिकार है। इसलिए पुत्र या पुत्री अपने पिता के जीवनकाल में ही जोत का विभाजन करवा सकते है एवं खातेदारी घोषणा का वाद न्यायालय में पेश किया जा सकता है।
- कि मुतनाजा आराजी खसरा संख्या 161/1/1.8373 है0, 166/3/3.1889 है0, 1299/166/0.9874 है0 ग्राम मौखावा, खसरा संख्या 12/4/0.2266 है0, 12/6/2.9137 है0 मौजा मौखावा खुर्द पटवार हल्का मौखावा तहसील गुड़ामालानी में वादी अपने 1/7 हिस्से की खातेदारी घोषणा करवाने के अधिकारी है।
- कि प्रतिवादी सं. 01 किसी अजनबी व्यक्ति के बहकावे में आकर मुतनाजा आराजी को बेचान करने पर उतारू है। यदि प्रतिवादी सं. 01 अपने मकसद में सफल हो गए तो वादीगण को अपूरणीय क्षति होगी। जिसकी भरपाई भविष्य में किया जाना असंभव है। इसलिए प्रतिवादी को मौके की यथास्थिति बनाए रखने एवं वादीगण के कब्जे में हस्तक्षेप नहीं करने तथा मुतनाजा आराजी का किसी अन्य व्यक्ति को बेचान नहीं करने की स्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किये जाने का निवेदन किया है।
- जिसके समर्थन में वादी द्वारा पैरा संख्या 3 में उल्लेखित दस्तावेजात् पर प्रदर्श अंकित करवाए।

6. प्रकरण में प्रतिवादीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही किये जाने वादी साक्ष्य से प्रतिवादी जिरह एकतरफा। तत्पश्चात पत्रावली बहस में नियत की गई।

7. पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता वादी की बहस सुनी गई। दौराने बहस विद्वान अधिवक्ता द्वारा वाद पत्र में अंकित बिन्दुओं को मात्र दौहराते हुए आराजी पर हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उक्त पैतृक आराजी में अपना हिस्सा निहित होने के आधार पर वादीगण हिस्सा 1/7–1/7 का खातेदार घोषित किया जाने का निवेदन किया।

8. मैनें विद्वान अधिवक्ता वादी की बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण में वादी द्वारा दो निम्न अनुतोष निवेदित किये हैंः–
    1. वादग्रस्त भूमि में प्रतिवादी संख्या 01 के हिस्से की आराजी में से वादीगण को हिस्सा 1/7 का सहखातेदार घोषित किया जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 20:02:47 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय

# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी

## गुढामालानी-बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

वाद संख्याः– 2025 / 496 दर्ज तिथिः–17.07.2025

1. भागीरथराम पुत्र नेनाराम उर्फ कोजाराम
   जाति विश्नोई निवासी मौखावा तहसील गुड़ामालानी

..................वादी

बनाम

1. नेनाराम उर्फ कोजाराम उर्फ कोजिया पुत्र प्रतापाराम
2. सोनाराम पुत्र नेनाराम उर्फ कोजाराम
3. ऐलसी पुत्री नेनाराम उर्फ कोजाराम
4. पालु पुत्री नेनाराम उर्फ कोजाराम
5. रूखमण पुत्री नेनाराम उर्फ कोजाराम
6. बुधी पुत्री नेनाराम उर्फ कोजाराम
   जाति विश्नोई निवासी मौखावा तहसील गुड़ामालानी।

..................असल प्रतिवादीगण

7. राजस्थान सरकार जरीये तहसीलदार गुड़ामालानी

..............तकमीली प्रतिवादीगण

उपस्थित अधिवक्ता
वादीः– श्री जगदीश कड़वासरा
प्रतिवादीगणः– एकतरफा

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा– 88, 188
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955

**–:पर्चा डिक्रीः–**

**वादीगण का वाद बाबत इस्तकरारहक्क आंशिक स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है। वादी को प्रतिवादी संख्या 01 के साथ–साथ मुतनाजा आराजी हाल आराजी खसरा संख्या 161/1/1.8373 है0, 166/3/3.1889 है0, 1299/166/0.9874 है0 ग्राम मौखावा, खसरा संख्या 12/4/0.2266 है0, 12/6/2.9137 है0 मौजा मौखावा खुर्द पटवार हल्का मौखावा तहसील गुड़ामालानी में मुताबिक हिन्दू**

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.13 20:02:47 IST
Reason: SelfAttested

